# चुरहट एसडीएम का स्टेनो 10 हजार रिश्वत के साथ ट्रैप

## रिश्वत लेते रंगे हाथ लोकायुक्त पुलिस ने दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 26 दिसम्बर. जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। रीवा लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने चुरहट एसडीएम कार्यालय में पदस्थ स्टेनो रामहित तिवारी को 10 हजार रिश्वत लेते हुए चुरहट में बीछी रोड स्थित सरयू प्रसाद प्रजापति की किराने की दुकान में रंगे हाथ ट्रैप किया । आरोपी स्टेनो को वारिसाना उत्तराधिकार प्रकरण में नाम दर्ज कराने के एवज में रिश्वत लेते पकड़ा गया।**

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता गजेन्द्र सिंह पिता स्व.श्यामलाल पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पड?री 586 ने 23 दिसम्बर 2025 को रीवा लोकायुक्त कार्यालय में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि ग्राम पड?ुरी में मेरी पुस्तैनी भूमि है, मेरे भाई सुरेन्द्र कुमार पटेल के स्वर्गवास होने के बाद उक्त भूमि को मेरी भाभी ललिता पटेल द्वारा अपने नाम करवा लिया था। पुस्तैनी जमीन होने के कारण मेरे स्वर्गवासी भाई सुरेन्द्र पटेल द्वारा हम दो भाई एवं भतीजा विवेक सिंह के नाम वसीयतनामा दे चुके थे। उक्त भूमि की वारिसाना हेतु अपील एसडीएम चुरहट को किये। जिस पर एसडीएम द्वारा स्थगन आदेश जारी करा दिया गया था। स्थगन आदेश का अपने पक्ष में करवाने के लिये जब गजेन्द्र सिंह एसडीएम के स्टेनो बाबू रामहित तिवारी से मिला तो उन्होंने मेरे पक्ष में आदेश करवाने के एवज में 50 हजार रूपये की मांग कर कर हैं। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार द्वारा सत्यापन कराया गया। सत्यापन में आरोपी रामहित तिवारी पद स्थाईकर्मी, वर्तमान पद एसडीएम चुरहट स्टेनो द्वारा शिकायतकर्ता से 25 हजार रूपये ले लिये गये थे। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना सही पाया गया। आज 26 दिसम्बर को प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी रामहित को 10 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हांथो ट्रैप किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए चुरहट स्थित स्थानीय सर्किट हाउस ले जाया गया, जहां रीवा लोकायुक्त टीम द्वारा पूंछताछ और कानूनी प्रक्रिया रात में भी जारी रही।



### 12 सदस्यीय लोकायुक्त टीम ने की कार्रवाई .

लोकायुक्त की कार्रवाई में ट्रैपकर्ता अधिकारी एस.राम.मरावी निरीक्षक लोकायुक्त रीवा, ट्रैप दल के सदस्या में उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार, स्वतंत्र शासकीय गवाह समेत 12 सदस्यीय टीम के साथ की गई। छापामार कार्रवाई की खबर फैलते ही एसडीएम कार्यालय चुरहट सहित जिले के अन्य सरकारी दफ्तरों में हड?म्प मच गया। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना था कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई के बाद जिले भर के रिश्वतखोर अधिकारियों और कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। फिलहाल लोकायुक्त टीम इस पूरे मामले में अन्य संभावित संलिप्तताओं की भी जांच कर रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह कार्रवाई प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक बड़ा संदेश मानी जा रही है।

# मुख्यमंत्री आज देंगे 652 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## आईएसबीटी का लोकार्पण व मेडिकल हॉस्पिटल का शिलान्यास

**नवभारत न्यूज**

**सतना 26 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर 27 दिसम्बर को सतना आयेंगे और यहां आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना शहर को 652 करोड 54 लाख रूपये लागत के विकास कार्यो की सौगात देंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना शहर में 31 करोड 15 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल सतना और 8 करोड 39 लाख रूपये लागत के धवारी क्रिकेट स्टेडियम के नवनिर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। आई.एस.बी.टी. सतना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना शहर के 168 लाख 33 हजार रूपये लागत के 6 कार्यो का लोकार्पण और 484 करोड 21 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शासकीय मेडीकल कॉलेज सतना में आयोजित कार्यक्रम में 383 करोड रूपये की लागत से बनने वाले 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना में आयोजित विंध्य व्यापार मेला के कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा मेले के स्टालों का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.50 बजे सतना एयरपोर्ट से प्लेन द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 27 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे इन्दौर से प्लेन द्वारा रवाना होकर दोपहर 12 बजे सतना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात सायं 4.50 बजे सतना एयरपोर्ट से प्लेन द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय आज आएंगे



मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 27 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे चाटर्ड प्लेन से सतना पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय सायं 5 बजे चाटर्ड प्लेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पान मसाला विक्रेता ने सरेंडर किये सवा करोड़

## दुकान, मकान और गोदाम में हुई कार्यवाही, क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेज जब्त



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 दिसम्बर, शहर के प्रमुख पान मसाला विक्रेता के यहा जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार की दोपहर छापामार कार्यवाही की थी. कटरा मोहल्ला स्थित मोहनलाल पान मसाला के यहा कार्यवाही शुक्रवार की रात पूरी हुई.**

कारोबारी ने आईटीसी व कैश को मिलाकर एक करोड़ पचीस लाख कर अपवंचन की राशि सरेंडर की है. इस माह हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है. जप्त किये गये क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेजो की जांच होगी और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि और कितनी कर की राशि निकलती है. फिलहाल कार्यवाही को बंद कर दिया गया है.

गौरतलब है कि जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने संयुक्त आयुक्त राकेश सालवी के निर्देश पर मंगलवार की दोपहर शहर के कटरा मोहल्ला स्थित मोहन लाल पान मसाला के ठिकाने पर दबिश दी थी. टीम ने एक साथ मकान, दुकान एवं गोदाम में कार्यवाही शुरू की. जिसके बाद हडकम्प मच गया. पहले दिन देर रात तक कार्यवाही जारी रही और बुधवार एवं गुरूवार को कार्यवाही बंद रही. शुक्रवार को सुबह से कार्यवाही शुरू की गई. बताया गया है कि मोहन लाल पान मसाला के प्रोप्राइटर मोहन लाल अग्रवाल द्वारा पिछले कई सालो से बहुत कम रिटर्न प्रस्तुत कर रहे थे जबकि व्यापार काफी अधिक हो रहा था. संदेह के आधार पर उपायुक्त उमेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 12 सदस्यीय टीम द्वारा जांच की गई. जांच के दौरान स्टाक और क्रय-विक्रय के रिकार्ड खंगाले गये. रात 9 बजे तक चली कार्यवाही के बाद व्यापारी द्वारा एक करोड़ 25 लाख सरेंडर किये गये. जिसके बाद कार्यवाही को विराम दिया गया. साथ ही क्रय-विक्रय से जुडे दस्तावेज जप्त किये गये है, जिनकी जांच की जाएगी.

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

पान मसाला कारोबारी के यहा राज्यकर अधिकारी प्रसून मिश्रा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई. जिसमें सहायक आयुक्त विवेक दुबे, नवीन दुबे, राज्यकर अधिकारी पियूष तिवारी, सोमेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पाण्डेय, निरीक्षक अनिल बनाफर, जीतेन्द्र मिश्रा, सुभाष सिंह सहित 12 सदस्यीय टीम मौजूद रही.

### संचालन ने 1.25 करोड़ सरेंडर किये : त्रिपाठी

जीएसटी एंटी इवेजन के डिप्टी कमिश्नर उमेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को कार्यवाही हुई थी. दो दिन बाद शुक्रवार की रात कार्यवाही पूरी हुई. क्रय-विक्रय के दस्तावेज एवं स्टाक की जांच की गई. फर्म संचालक द्वारा आईटीसी व कैश को मिलकर एक करोड़ 25 लाख सरेंडर किये है, साथ ही कच्चे दस्तावेज जप्त किये गये है. जिनका मिलान किया जायेगा, उसके बाद कर अपवंचन निकाला जाएगा. फिलहाल कार्यवाही पूरी हो चुकी है.

# बैढ़न में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

## मेडिकल कॉलेज रीवा के एसएनसीयू वार्ड में चल रहा उपचार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 दिसम्बर, सिंगरौली के बैढ़न में महिला द्वारा निजी हास्पिटल में तीन बच्चो को जन्म दिया गया. तीनो बच्चो को गांधी मेमोरियल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है.**

जहा तीनो का उपचार चल रहा है, बच्चो के अलग-अलग वजन है एक बच्चे का वजन 700 ग्राम है. तीन से चार हजार में एक या दो मामले ही ऐसे होते है जब शिशुओ की संख्या दो से अधिक होती है. फिलहाल बच्चो का उपचार चल रहा है. बैढ़न निवासी संदीप दुबे की पत्नी मोनिका दुबे ने बैढ़न के निजी नर्सिंग होम में तीन बच्चो को जन्म दिया. तीनो बच्चो को उपचार के लिये रीवा मेडिकल कालेज से सम्बद्ध गांधी मेमोरियल अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है जहा तीनो का उपचार चल रहा है. जानकारी के मुताबिक पहले बच्चे का वजन 1100 ग्राम और दूसरे का 700 ग्राम एवं तीसरे का 900 ग्राम है. डाक्टरो की टीम बच्चो के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है.

पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ नरेश बजाज का कहना है कि आईवीएफ के माध्यम से गर्भधारण करने वाली महिलाओं में तीन या उससे अधिक नवजात शिशुओं को जन्म देने के मामले बढ़े हैं. लेकिन सामान्य गर्भधारण के बाद तीन-चार हजार में से केवल एक या दो मामले ही ऐसे होते हैं जिसमें गर्भस्थ शिशुओं की संख्या 2 से अधिक होती है. टीम बच्चो के स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान दे रही है.

# बरगवां थाना का एएसआई निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 26 दिसम्बर । बरगवां थाने में पदस्थ एएसआई कृष्णनेन्द सिंह को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। एएसआई पर आरोप है कि एक फरियादी के साथ अभ्रद व्यवहार कर रहे थे, जिसका वीडिया सोशल मीडिया में वायरल भी हुआ था और नवभारत ने प्रमुखता के साथ खबर भी प्रकाशित किया था।**



डीजल चोरी का मामला, पुलिस एवं फरियादी के बीच तू तू-मैं मैं

सोशल मीडिया में वीडियों वायरल, बरगवां थाना से जुड़ा है मामला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 दिसम्बर । सोशल मीडिया में इन दिनों एक वीडियों तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियों में एक व्यक्ति पुलिस से डीजल चोरी होने के मामले में सवाल-जवाब कर रहा है। भड़के पुलिस कर्मी मोबाईल छिनने का प्रयास भी कर रहे हैं। हालांकि नवभारत उक्त वीडियों की पुष्टि नही करता है।

दरअसल एक वीडियों इन दिनों वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कर्मी से इस बात के लिए सुनवाई नही करती है और आप वेतन क्यों ले रहे हैं और फिर ड्यूटी किस बात के लिए कर रहे हैं। बहसी-बहसा चल रहा था तभी पुलिस कर्मी भड़क गये और छप्पट्टा मारकर मोबाईल छिनने का प्रयास भी किया है। चर्चा है कि उक्त वीडियो बरगवां थाना में पदस्थ एक पुलिस कर्मी का है और पुलिस आवास के पास का वीडियो है। पुलिस कर्मी के बारे में बताते चले कि वह पहले कोतवाली बैढ़न में भी पदस्थ रहे हैं और उस दौरान भी



दरअसल सोशल मीडिया में वायरल वीडियों में एक फरियादी सहायक उप निरीक्षक के सरकारी आवास बरगवां के समीप अपनी फरियाद कर रहा था कि डीजल चोरों ने ट्रक से 200 लीटर डीजल पार कर दिये। आखिर कार पुलिस क्या कर रही है। इसी बात को लेकर एएसआई ने फरियादी के साथ अभद्र व्यवहार किया था और मोबाइल भी छिनने का प्रयास भी किया था। नवभारत ने खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। जहां एसपी ने एएसआई कृष्णनेन्द सिंह को निलंबित कर दिया है।

# ब्रेन हेमरेज से एएसआई की मौत



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 26 दिसम्बर । बरगवां थाना में पदस्थ एएसआई इन्द्रलाल मांझी की अचानक तबियत खराब हो गई और उन्हें आनन-फानन में वाराणसी उपचार के लिए ले जाया गया। जहां आज दिन शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ब्रेन हेमरेज के चलते एएसआई की मौत हुई है।**

जानकारी के अनुसार बरगवां थाने के एएसआई इन्द्रलाल मांझी कि अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर थाने के पुलिस सेवको एवं परिवार जनों के द्वारा आनन-फानन में उपचार के लिए वाराणसी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान एएसआई ने आज सुबह 9:40 पर अंतिम सांस ली। इस दुखद घटना को सुन पुलिस महकमें में सन्नाटा पसर गया और टीआई समेत पुलिस कर्मियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।


एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र नवभारत सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


# कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 26 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 दिसम्बर को सतना में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने एसपी हंसराज सिंह के साथ शुक्रवार को आईएसबीटी पहुंचकर तैयारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।**



व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, सीएसपी देवेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी संदीप सोनी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, उपायुक्त नगर निगम सत्यम मिश्रा सहित पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।












स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99